Regarding status of various NH projects in Gwalior region in Madhya Pradesh-laid

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): ग्वालियर अंचल में सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय की परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति एवं इनको पूरा करने की निर्धारित अवधि से अवगत कराने का कष्ट करें। ग्वालियर शहर में पश्चिम बायपास का निर्माण कार्य उक्त प्रस्तावित पश्चिम बायपास आगरा से शिवपुरी जाने वाले वाहनों की यात्रा की दूरी को लगभग 30 कि.मी. कम करेगा एवं यात्रा के समय को भी 30-45 मिनट कम करेगा। साथ ही साथ साडा क्षेत्र के विकास में भी गति आयेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं.-44 के आगरा - ग्वालियर खण्ड का 6-लेन (ग्रीन फील्ड) उक्त नवीन परियोजना उत्तर-दक्षिण ट्रेफिक को आगरा से ग्वालियर के मध्यम हाई स्पीड कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। अटल प्रगति पर चंबल एक्सप्रेसवे उक्त परियोजना कोटा (राजस्थान), श्योपुर, भिण्ड, मुरैना (मध्यप्रदेश), इटावा (उत्तर प्रदेश) को जोड़ती है। सेतु बंधन योजना के अंतर्गत ग्वालियर जिले में स्वीकृत रेल ओवर ब्रिज एवं अंडर पास की वर्तमान स्थिति (क) स्थान- महलगांव एवं हरीशंकर पुरम के मध्य रेलवे अंडर पास (ख) स्थान- मोहना रेल्वे स्टेशन के समीप रेल ओवर ब्रिज इन सभी कार्यों के पूर्ण होने से यातायात व्यवस्था सुचारू करने एवं ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी।